खबर संक्षेप

## विश्व रेडक्रास दिवस कल

**सतना।** विश्व रेडक्रास दिवस 8 मई को मनाया जायेगा। सचिव इंडियन रेडक्रास सोसायटी डॉ अरुण त्रिवेदी ने बताया कि इस अवसर पर चंद्राशय नीमी सतना में प्रातः 9:30 बजे से वृद्धजनों की देखभाल एवं स्वास्थ्य रक्षा के लिये स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

## दूरभाष क्रमांक 07672-223211 पर दी जा सकती है अग्नि दुर्घटना की सूचना

**सतना।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अनुराग वर्मा ने सतना जिला अंतर्गत ग्रीष्मकाल के दौरान होने वाली अग्नि दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिये संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन सतना के प्रथम तल पर कक्ष क्रमांक एफ-19 में जिला स्तरीय कंट्रोल रुम स्थापित किया है। जो 19 अप्रैल से कार्यरत है। कंट्रोल रुम के दूरभाष क्रमांक 07672-223211 पर जिले में अग्नि जनित घटनाओं की सूचना दी जा सकती है। यह कंट्रोल रूम 10 जून तक निरंतर कार्यरत रहेगा।

## पुलिस की मार से निराश नाबालिग ने लगाई फांसी, मौत

**कोतमा।** थांना अंतर्गत सिलपुर गांव में 15 वर्षिय नाबालिक ने फांसी लगा कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। आत्महत्या का कारण परिवारजनों ने बताया कि 100 डायल में गांव आई हुई पुलिस द्वारा म्रतक है पी प्रजापति पिता माखन प्रजापति को मोबाइल से वीडियो बनने से मना करने और मोबाइल छीन लेने वा पुलिस द्वारा नाबालिक को मारने के कारण म्रतक नाबालिक निराश होगया पुलिस की मार के कारण मृतक नाबालिक विक्षिप्त व ग्लानि से घर मे आकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिसके बाद कोतमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां बच्चे को मृतक घोषित किया गया है। परिजनों ने पुलिस के द्वारा नाबालिक से मारपीट को नाबालिग की आत्महत्या कारण बताया है और मौके में ड्यूटी में पदस्थ पुलिसकर्मी पर कार्यवाही की मांग की गई है। अनूपपुर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा पूरे मामले में मजिस्ट्रेटरियल जांच बैठाने एवं कार्यवाही करने की बात कही है।

## नव विवाहिता ने लगाई फांसी

**भालूमाड़ा।** भालूमाड़ा थाना अंतर्गत ग्राम चोंडी में एक नव विवाहिता ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतिका राधिका केवट पति जमुना केवट का विवाह लगभग 1 वर्ष पूर्व समीप ही ग्राम प्यारी में हुआ था। बताया गया की 5 तारीख की रात घर के सभी लोग खाना पीना खाकर सोने चले गए महिला भी अपने घर के कमरे में अंदर से दरवाजा बंद करके चली गई उसका पति भी रात में दरवाजा खुलवाने चाहा लेकिन नहीं खुला तो उसने सोचा कि सो गई होगी तो वह दूसरे कमरे में जाकर सो गया सुबह जब घर के लोग उठे तब तक बहू का दरवाजा बंद रहा तब लोगों ने जाकर देखा तो वह पंखे में साड़ी के फंदे से झूलती नजर आई इस बात की जानकारी गांव में और मायके पक्ष को दे गई थाने में सूचना दी गई जिस पर भालू माडा पुलिस के साथ-साथ कोतमा तहसीलदार घटना स्थल पर पहुंचकर शव पंचनामा करते हुए मामले को जांच में लिया है वही लड़की के घर वालों ने कई तरह के गंभीर आरोप भी लड़के पक्ष पर लगाए हैं जो जांच का विषय है।

### महिला गंभीर घायल, दो बच्चों को भी आई चोट

# खेत में सो रहे किसान की हत्या

सतना



रामनगर थाना अंतर्गत कर्रा गांव में बीती रात खेत में चारपाई पर सो रहे शंभू पटेल पिता राममिलन पटेल 50 वर्ष की अज्ञात आरोपियों द्वारा सब्बल से प्रहार करके हत्या कर दी गयी।आरोपियों द्वारा वहीं बगल में ट्रैक्टर की ट्राल पर सो रही अनारकली पत्नी महेन्द्र पटेल एवं पुत्री अंजना तथा उसके भाई के साथ भी मारपीट की गयी। इस घटना को लेकर कर्रा गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है।

### प्याज की कटाई के लिये रुका था खेत में

घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक शंभू पटेल द्वारा अपने खेत में प्याज लगाई गयी है,जिसकी कटाई चल रही है। इस वजह से वह बीती रात खेत में ही रुका हुआ था। इसी तरह से महेन्द्र पटेल ने भी शंभू के साथ प्याज लगाई है। जिसकी कटाई के लिये महेन्द्र की पत्नी अनारकली और उसकी पुत्री अंजना व पुत्र खेत में रुके हुये थे। आरोपी द्वारा अनारकली के पुत्र-पुत्री के साथ की गयी मारपीट में अंजना के एक हाथ में फ्रैक्चर हो गया,जबकि उसके भाई को मामूली चोटें आई हैं।

### मेडिकल कॉलेज ले जाने की सलाह

पुलिस द्वारा गंभीर रूप से घायल अनारकली और उसके दोनों बच्चों को एम्बुलेंस से रामनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उपचार के लिये ले जाया गया,जहां महिला की हालत अत्यन्त गंभीर होने के कारण डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल सतना रेफर कर दिया। बताया जाता है कि जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने भी सिर की गंभीर चोटों के कारण अनारकली को मेडिकल कॉलेज रीवा या जबलपुर ले जाने की सलाह दी है। जबकि दोनों बच्चों का उपचार रामनगर में ही चल रहा है। सूत्रों से हासिल जानकारी के मुताबिक पुलिस द्वारा इस अंधे कत्ल एवं मारपीट के मामले में एक संदेही को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक संदेही साहिद खान पुत्र गोरे खान ने घटना के संबंध में कोई खुलासा नहीं किया।

### पुलिस ने एफएसएल टीम के साथ जुटाये साक्ष्य

पुलिस अधिकारियों ने एफएसएल टीम के साथ मौका मुआयना किया। एफएसएल प्रभारी ने मृतक तथा गंभीर रूप से घायल अनारकली के खून के नमूने एकत्र किये हैं। साथ ही घटना स्थल से खून से सनी मिट्टी का नमूना भी लिया है। पुलिस ने पंचनामा बनाने के बाद शंभू पटेल के शव का रामनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

### अनारकली की हालत गंभीर

बताया गया है कि मारपीट के दौरान महिला अनारकली को गंभीर चोटें आई हैं। उसके सिर में चाकू के दो गहरे घाव हैं और आंख के ऊपर दो गंभीर घाव आये हैं। रक्तस्त्राव अधिक हो जाने के कारण महिला की हालत अत्यन्त गंभीर बताई जाती है।इस घटना की वजह फिलहाल अस्पष्ट है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता,एसडीओपी अमरपाटन शिवकुमार सिंह,एफएसएल टीम तथा अमरपाटन, ताला एवं रामनगर के थाना प्रभारी स्टाफ सहित मौके पर पहुंचे।

## महिला का अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने वाले आरोपी को कोर्ट ने भेजा जेल

**सतना।** महिला के साथ रेप कर उसके वीडियो बनाने और वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने वाले एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोलगवां थाना पुलिस ने 32 वर्षीय एक विवाहित महिला की शिकायत पर एक 28 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।आरोपी नेटवर्क मार्केटिंग की एक कंपनी में काम करता है।उसने अपनी सहकर्मी के साथ बलात्कार कर उसके वीडियो बनाए और ब्लैकमेल करने लगा।पुलिस ने बताया कि पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया था कि कंपनी में काम के दौरान उसका संपर्क आरोपी से हुआ था। 2017 में एक दिन काम में व्यस्तता के कारण सतना शहर में ही रात हो जाने पर आरोपी उसे घर छोडऩे गया था,लेकिन रास्ते में उसने एक सूनसान जगह पर दुष्कर्म किया। उसके बाद वह पीड़िता पर लोगों को बता देने की धमकी देकर दबाव बनाने लगा और लगातार दुष्कर्म करता रहा।आरोपी अपने किराये के कमरे में बुला कर भी उससे रेप किया और अश्लील वीडियो बना लिए। उन वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर आरोपी ने पीड़िता से वर्ष 2022 में 40 हजार रुपए लेकर बाइक फाइनेंस कराई और उसकी मासिक किश्त जमा करने के लिए भी दबाव बनाने लगा। वह उससे अब तक 78 हजार रुपए ऐंठ भी चुका है।आरोपी उसे अपने पति को भी छोड़ देने के लिए कहता था। पिछले दिनों 5 फरवरी को भी उसने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर जबरदस्ती की। जब सब्र का बांध टूटा तो महिला कोलगवां थाना पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। टीआई कोलगवां सुदीप सोनी ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

## स्वजातीय स्वर्णकार समाज की बैठक संपन्न



**मैहर।** स्वजातीय स्वर्णकार समाज विकास समिति मध्य प्रदेश,छत्तीसगढ़ की बैठक स्थानीय होटल हेलोवीन कटनी रोड में आयोजित हुई। बैठक में पूर्व नियोजित एजेंडे के तहत विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मथुरा प्रसाद सोनी कटनी रहे।सभाध्यक्ष मुरारी सोनी रहे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष ने की।बैठक के प्रमुख एजेंडा नवीन सदस्यता अभियान को लेकर चर्चा सामूहिक आदर्श विवाह सम्मेलन कराए जाने हेतु चर्चा मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ के नव युवक मंडल व महिला मंडल के प्रदेश अध्यक्ष के मानोनयन चर्चा समिति के द्वारा समाज के धर्मशाला निर्माण हेतु चर्चा नव निर्वाचित समिति को चार्ज के रूप में प्राप्त दस्तावेजों की जानकारी पर चर्चा की गई जिस पर बैठक पर उपस्थित स्वजातीय स्वर्णकार समाज ने स्वीकृति प्रदान की। इस आयोजन में मुख्य अतिथि मथुरा प्रसाद सोनी कटनी, अध्यक्षता मुरारी लाल सोनी मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़,कमल सोनी रीवा मध्य प्रदेश स्वर्णकला बोर्ड,सुरेश सोनी पूर्व अध्यक्ष,देवदत्त सोनी,डॉक्टर बी एल सोनी जबलपुर,नंदलाल सोनी बिलासपुर,संतोष सोनी सांसद प्रतिनिधि,मिथलेश सोनी रीवा,रामफल सोनी पूर्व महामंत्री सतना,मोहन लाल सोनी कटनी अध्यक्ष,सुनील सोनी रीवा प्रदेश उपाध्यक्ष,रामचंद्र सोनी महासचिव,कमलेश सोनी सह सचिव,जे पी सोनी कार्य कारिणी सदस्य,उमा शंकर सोनी कैमोर,राजू सोनी सतना,मिथलेश सोनी,रमेश सोनी नागौद,धर्मेंद्र सोनी,राजेंद्र सोनी,दीपक सोनी,दिलीप सोनी रामपुर बघेलान,दिनेश सोनी रामपुर आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही बैठक का समापन व आभार दीपक सोनी द्वारा किया गया।

## श्रीजी कान्हा हास्पिटल के संचालन पर आगामी आदेश तक रोक

**सतना।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एलके तिवारी ने रीवा रोड सतना स्थित श्रीजी कान्हा हास्पिटल के संचालक को आगामी आदेश तक हास्पिटल का संचालन नहीं करने के निर्देश दिये हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जारी आदेश में कहा गया है 19 अप्रैल 2024 को जिला चिकित्सालय सतना से मेडीकल कॉलेज रीवा के लिये रेफर प्रसूता पिंकी कुशवाहा की श्रीजी कान्हा हास्पिटल में एल एस सी एस उपरांत मृत्यु हो जाने की शिकायत प्राप्त हुई थी।इस पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय सतना द्वारा 23 अप्रैल और 30 अप्रैल को श्रीजी कान्हा हास्पिटल को पत्र जारी करते हुये मृतक पिंकी कुशवाहा के उपचार एवं मृत्यु के संबंध में जानकारी चाही गई थी। लेकिन हास्पिटल संचालक डॉ योगेंद्र सिंह द्वारा जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई। मुख्य





चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देश पर मृत्यु के प्रकरण के संबंध में जानकारी एकत्र करने 2 मई 2024 को जिला स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा निरीक्षण किया गया।जिसमें पाया गया कि प्रसूता पिंकी कुशवाहा के प्रसव के लिये एलएससीएस जिला चिकित्सालय के स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ सुनील पांडेय द्वारा की गई। प्रसूता की मृत्यु की जानकारी अस्पताल प्रबंधन को नहीं दी गई। प्रसूता के परिजनों के असंतुष्ट होने पर भी पोस्टमार्टम नहीं कराया गया एवं हास्पिटल में ओटी की व्यवस्था नहीं थी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि निरीक्षण में एकत्र की गई जानकारी के आधार पर पाया गया है कि श्रीजी कान्हा हास्पिटल के संचालक द्वारा शासन के नियमों के विपरीत अस्पताल का संचालन किया जा रहा है। जो मध्यप्रदेश उपचर्यागृह तथा रुजोपचार संबंधी स्थापनायें (रजिस्ट्रीकरण तथा अनुज्ञापन) अधिनियम 1973 एवं नियम 1997 (संशोधित विधेयक 2008 एवं 2021) में निहित नियमों के पालन के विरुद्ध है। जिसके फलस्वरुप श्रीजी कान्हा हास्पिटल को जारी पंजीयन एवं लायसेंस के संबंध में निर्देशित करते हुये आगामी आदेश तक हास्पिटल का संचालन नहीं करने के निर्देश दिये गये हैं।

## प्रिज्म सीमेंट डिवीजन को प्लेटिनम पुरस्कार से किया गया सम्मानित

**सतना।** प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड सीमेंट डिवीजन को एपेक्स इंडिया फाउंडेशन द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) कार्यों में उत्कृष्टता के लिए प्लेटिनम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार सीएसआर के क्षेत्र में सतत सामाजिक विकास के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को देखते हुये प्रदान किया गया है। सम्मान समारोह नई दिल्ली स्थित होटल शांगरी ला इरोज में दिनांक 04.05.2024 को सम्पन्न हुआ जिसमे सेवानिवृत्त मेजर जनरल पी.के.सहगल (भारत के रक्षा विशेषज्ञ और टेडएक्स स्पीकर), डॉ अवनीश सिंह, महानिदेशक(सेवानिवृत्त),डीजीएफएएसएलआई,श्रम और रोजगार मंत्रालय,(भारत सरकार), कुलदीप सिंह (अध्यक्ष,एपेक्स इंडिया फाउंडेशन),डॉ एस के त्यागी,अतिरिक्त निदेशक (सेवानिवृत्त), सीपीसीबी पर्यावरण,वन एवं जलवायु मंत्रालय (भारत सरकार),एस.सी.भसीन,पूर्व महाप्रबंधक स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया,उपस्थित रहे। प्रिज्म जॉनसन की ओर से सहायक महाप्रबंधक देवेन्द्र मिश्रा ने यह पुरस्कार प्राप्त किया। उपरोक्त आशय की जानकारी देते हुये प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड के ए.जी.एम. जनसंपर्क देवेन्द्र मिश्रा ने बताया कि प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड अपने सीएसआर के अंतर्गत समाज के चहुमुखी विकास के लिये प्रतिबद्ध है और उसके उत्थान के लिये विभिन्न योजनायें संचालित कर रहा है।





जिसके लिये कंपनी एक्ट के नियमानुसार आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिये वर्गीकृत आठ क्षेत्रों में बजट के अनुसार, एक निश्चित रूपरेखा बनाकर विभिन्न कार्यक्रम संचालित कर रही है जिनमें मुख्य रूप से आधारभूत संरचना,स्वास्थ सेवायें,शिक्षा,पर्यावरण संरक्षण,जल संरक्षण एवं पीने के पानी की उपलब्धता,महिला सशक्तीकरण एवं कौशल विकास,खेल कूद गतिविधियॉ,ग्रामीण विकास एवं समाज कल्याण आपदा प्रबंधन के कार्य हैं। प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड सीमेंट डिवीजन द्वारा सीएसआर के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मिले पुरस्कार पर कंपनी के कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ विवेक अग्निहोत्री,मनीष कुमार सिंह, प्रेसीडेंट एवं प्लांट हेड,मनीष कुमार सिन्हा सीनियर वाइस प्रेसीडेंट,एच.आर.एम.एंड कार्पोरेट अफेयर्स, सहित वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रसन्नता व्यक्त की और भविष्य में भी कम्पन्नी द्वारा सामाजिक विकास में अपनी सतत भागीदारी की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## सेन जी महाराज का जन्मोत्सव कार्यक्रम मैहर में आयोजित

**मैहर।** संत शिरोमणि सेन जी महाराज का जन्मोत्सव कार्यक्रम सेन समाज विकास संगठन मैहर के तत्वाधान में मैहर जिलाध्यक्ष मुकेश सेन के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ,कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षक रोहणी सेन,विशिष्ट अतिथि विनोद सेन,संजय सेन शिक्षक,कमलेश सेन रहे,कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाज सेवी रामसजीवन सेन एवं कार्यक्रम का संचालन युवा समाजसेवी अंकित सेन द्वारा किया गया,उपस्थित अतिथियों द्वारा संत शिरोमणि सेन जी महाराज की पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित की गई,उपस्थित अतिथियों ने अपने अपने विचार व्यक्त करते हुए मार्गदर्शन प्रदान



किये,आभार संगठन के सचिव अभिषेक सेन जी व्यक्त किया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से विक्रम सेन,प्रमोद सेन,राजबली सेन,अनिल सेन,उमेश सेन,रोहणी सेन,संजय सेन,रामसजीवन सेन,जिलाध्यक्ष मैहर मुकेश सेन,अभिषेक सेन,विनोद सेन,कमलेश सेन,शिवम सेन,विजय सेन (गोलू भइया),जीतेन्द्र सेन,अंकित सेन,मुकेश सेन,छवि लाल सेन,वरुण सेन,नैतिक सेन,आदित्य सेन,साहित्य सेन,सामाजिक बंधु एवं संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## तहसीलदार जयसिंहनगर को कमिश्नर ने किया निलंबित

**शहडोल।** कमिश्नर बी.एस. जामोद ने म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9(1) (क) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दीपेन्द्र तिवारी, प्रभारी तहसीलदार, तहसील जयसिंहनगर जिला शहडोल (म.प्र.) को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि निलंबन अवधि में श्री तिवारी का मुख्यालय कार्यालय कलेक्टर, जिला शहडोल नियत किया जाता है। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। जारी आदेश में कहा गया है कि तहसील कार्यालय जयसिंहनगर, जिला शहडोल के निरीक्षण दौरान पाया गया कि न्यायालयीन (नामांतरण/ बटवारा/ सीमांकन / बेदखली) इत्यादि से संबंधित प्रकरण दायरा पंजी में दर्ज नही थे। वक्त निरीक्षण तहसीलदार द्वारा लगभग 300 प्रकरण पंजी में दर्ज नही होना स्वीकार किया गया। प्रकरणों के अवलोकन में वर्ष 2021-23 तक के काफी प्रकरण प्रचलनशील होने के बावजूद एक वर्ष से अधिक का समय व्यतीत होने पर भी प्रकरणों में सुनवाई नही की गई है, साथ ही विभिन्न मदों के सैकडों राजस्व प्रकरणों को न तो दायरा पंजी में तथा न ही आरसीएमएस पोर्टल में दर्ज किया गया है। कार्यालय में महत्वपूर्ण अभिलेखों को सुव्यवस्थित न रखते हुए अस्त-व्यस्त रखा गया है।

## शहडोल में 19 को होगा, विंध्य लोक रंग महोत्सव का आयोजन

**शहडोल।** विंध्य की लोक संस्कृति एवं पीढ़ी दर पीढ़ी से चली आ रही लोक परामपरा के विस्तार एवं स्थानीय लोक कलाकारों को पहचान दिलाने के लिए उत्थान सामाजिक, संस्कृतिक एवं साहित्यिक समिति मप्र के द्वारा 13 मई से 10 जून तक विंध्य लोक रंग महोत्सव का आयोजन रीवा एवं शहडोल संभाग के प्रत्येक जिलों में किया जा रहा है। जिसमें देश की सबसे छोटी राष्ट्रीय लोक गायिका विंध्य की बेटी मान्या पाण्डेय के साथ लोक गायक नरेन्द्रबहादूर सिंह, कपिल तिवारी, हरिश्चंद्र मिश्रा, भजन गायक बाल कलाकार प्रत्यूश द्विवेदी, शुभी सिंह, श्रृती सिंह, रावेन्द्र तिवारी, कर्णबीर सिंह तोमर, पवन शुक्ला सहित विंध्य के लोक कलाकरों के द्वारा प्रस्तुति दी जायेगी।

इस संबंध में जानकारी देते हुये उत्थान सामाजिक, संस्कृतिक एवं साहित्यिक समिति मप्र के अध्यक्ष हरिश्चंद्र मिश्रा ने बताया कि हमारी समिति विंध्य की लोक कला एवं लोक परामपरा के विस्तार के लिए विगत 12 वर्षो से काम कर रही है और प्रति वर्ष विभिन्न महोत्सवों के द्वारा स्थानीय लोक कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच प्रदान करती है और पुराने लोक कलाकारों का सम्मान करती है। जिससे वर्षो पुरानी हमारी संस्कृति और हमारे लोक गीत आगे बढ़ते रहें। विंध्य लोक रंग महोत्सव के संयोजक नरेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि विंध्य लोक रंग महोत्सव का आयोजन विंध्य के प्रत्येक जिला मुख्यालय में किया जा रहा है। जिसका 13 मई को विधि मैरिज गार्डन रामनगर, जिला मैहर से किया जायेगा। उसके बाद 14 मई मैहर इन होटल, विंध्य की धार्मिक नगरी मां शारदा की भूमि मैहर में आयोजित होगा। 16 मई को श्री शाइन मैरिज गार्ड सिंधु स्कूल के बगल में सतना, 19 मई को मानस भवन, नगर पालिका के सामने शहडोल, 20 मई को मैरिज गार्डन अनुपपुर, 22 मई को सामुदायिक भवन स्टेडियम के समाने अमारियां, 25 मई को मंगल पैलेस बिलौजी सिंगरौली, 27 मई सात फेरे मैरिज गार्डन मउगंज, 30 मई को हनुमान मंदिर परिसर कपुरी कोठार सीधी एवं महोत्सव का समापन 10 जून को राजकपूर ऑडिटोरियम रीवा में किया जायेगा। नरेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि विंध्य महोत्सव का आयोजन विंध्य के हर जिलों में जन सहयोग से किया जा रहा है। सभी जिलों के लोग देश की देश की सबसे छोटी राष्ट्रीय लोक गायिका विंध्य की बेटी मान्या पाण्डेय के लोक गीतों को सुनने के लिए काफी उत्साहित है और लोग उत्साह के साथ विंध्य महोत्सव में अपना सहयोग प्रदान कर रहे है।



**20 को अनूपपुर एवं 22 को उमरिया में आयोजित होगा कार्यक्रम**

## राशन वितरण की व्यवस्थाओं में सुधार लायें, सात दिवस के अंदर आवष्यक कार्यवाही करें

**सतना।** कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने मैहर जिले में राशन वितरण के कार्य में दुकान संचालकों द्वारा की जा रही अनियमितताओं पर नियंत्रण और व्यवस्थाओं में सुधार के लिये उपायुक्त सहकारिता और महाप्रबंधक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित को सात दिवस के अंदर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर श्रीमती बाटड ने कहा है कि मैहर जिले में राशन वितरण के कार्य में लापरवाही की सूचना विभिन्न माध्यमों से प्राप्त हो रहीं है। जिसमें प्रमुख रुप से यह देखने को मिला है कि राशन दुकान के संचालकों के द्वारा उपभोक्ताओं को राशन का वितरण करने के पूर्व ही पीओएस मशीन में थंब इंप्रेशन ले लिया जाता है। लेकिन खाद्यान्न का वितरण वास्तविक समय में नहीं किया जाता है। ऐसा करना फर्जी वितरण की श्रेणी में आता है। इसके अलावा अधिकांश राशन दुकानों में दुकान का नाम,मूल्य,स्टाक सूची,बोर्ड,निगरानी समिति के सदस्यों के नाम एवं अन्य आवश्यक जानकारी को प्रदर्शित करने वाले बोर्ड/सूचना पटल का प्रदर्शन नहीं किया जा रहा है। उपायुक्त सहकारिता और महाप्रबंधक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित राशन वितरण के कार्य के सुचारु संचालन और फर्जी वितरण के कार्य पर रोक लगाने सात दिवस के अंदर सभी उचित मूल्य दुकानों में आवश्यक बोर्ड/सूचना पटल की व्यवस्था करवाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही संबंधित दुकान संचालकों को शासन के नियमानुसार राशन का वितरण करने एवं निर्धारित दिवस में दुकान संचालित करने के लिये निर्देशित भी करें।

## नेशनल लोक अदालत 11 मई को





**सतना।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतना अजय श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में नेशनल लोक अदालत 11 मई 2024 को जिला एवं तहसील स्तर पर आयोजित की जायेगी। नेशनल लोक अदालत के आयोजन को सफल बनाने सोमवार को एडीआर भवन में बैंक के अधिकारियों एवं अधिवक्ताओं के मध्य पूर्व तैयारी बैठक संपन्न हुई। बैठक में विशेष न्यायाधीश प्रशांत कुमार निगम ने कहा कि आगामी नेशनल लोक अदालत के माध्यम से प्रिलिटिगेशन संबंधी प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा। इस संबंध में बैंकवार अधिकारियों से चर्चा करते हुये प्रिलिटिगेशन के प्रकरणो में अधिक से अधिक नोटिस जारी करने के लिये निर्देशित किया। जिससे नेशनल लोक अदालत के माध्यम से बैंक से संबंधित प्रकरणों का अधिकाधिक संख्या में निराकरण किया जा सके। उन्होने कहा कि नेशनल लोक अदालत के आयोजन सफल बनाने सभी लोग आपसी समन्वय के साथ काम करें और आवश्यक सहयोग प्रदान करें। इस मौके पर न्यायाधीश विश्वदीपक तिवारी,सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण पावस श्रीवास्तव,विधिक सहायता अधिकारी मुहम्मद जिलानी सहित बैंक के अधिकारी एवं अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## एकेएस के माइनिंग विशेषज्ञों का बांग्लादेश की कोयला खदानों पर विशेष व्याख्यान



**सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय के खनन विभाग के प्रोफेसर शांतनु दासगुप्ता और इंजीनियरिंग डीन डॉ. जी.के. प्रधान बांग्लादेश की प्रतिष्ठित कोयला खदानों पर विशेष व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे। बोरोपुकुरिया कोयला खदानें बांग्लादेश की उच्च प्रदर्शन कोयला खदान है। यह खान ढाका से 300 किमी दूर है। लेक्चर के दौरान प्रोफेसर शांतनु दासगुप्ता अपना अनुभव साझा करेंगे। 9 मई से ढाका में शुरू होनेवाली सेमिनार में दोनो विशेषज्ञ प्रोफेसर अपनी शोध प्रस्तुति भी करेंगे। विश्वविद्यालय प्रबंधन के साथ-साथ उनके सभी सहकर्मियों ने उन्हें इस कार्यक्रम के लिए बधाई दी है।

**खबर संक्षेप**

### हायर सेकेण्डरी एवं हाईस्कूल पूरक परीक्षा के आवेदन 7 जून तक

**पन्ना।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल, भोपाल द्वारा वर्ष 2024 की हायर सेकेण्डरी एवं हाईस्कूल सर्टिफिकेट पूरक परीक्षा के आवेदन पत्र 1 मई से भरने शुरु हो गये हैं। हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी (पूरक परीक्षा) के आवेदन परीक्षा प्रारंभ होने के एक दिवस पूर्व तक भरे जा सकेगें। पुर्नगणना के फलस्वरूप परीक्षा परिणाम परिवर्तन होने पर इस योजना का लाभ प्राप्त करने वाले छात्र परीक्षा प्रारंभ होने के एक दिवस पूर्व अर्थात 7 जून तक परीक्षा आवेदन भर सकेंगे। पूरक परीक्षा के आवेदन पत्र ऑनलाईन भरने की विस्तृत प्रक्रिया माध्यमिक शिक्षा मण्डल की ऑफिशियल वेबसाईट पर उपलब्ध है।

### गेंहू उपार्जन के लिये किसान बुक कर सकते हैं अपने स्लॉट

**पन्ना।** किसानों को उनकी उपज का अधिकतम दाम देने के लिए शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर फसल का उपार्जन किया जाता है। पंजीकृत किसानों से जिले के निर्धारित खरीदी केन्द्रों में गेंहू का उपार्जन कार्य जारी है। किसान गेंहू के बिक्री का दिनांक तथा समय एमपी ई-उपार्जन डॉट एनआईसी डॉट इन पोर्टल पर स्वयं बुक कर सकते हैं। किसान सबसे पहले ई-उपार्जन पोर्टल पर उपार्जन की लिंक क्लिक करें। इसमें स्लॉट बुकिंग का विकल्प दिखेगा। किसान अपना पंजीयन कोड दर्ज करें। कोड दर्ज करने पर पंजीकृत मोबाइल नम्बर पर ओटीपी प्राप्त होगा। ओटीपी दर्ज करने के बाद किसान तहसील, उपार्जन केन्द्र तथा उपज बिक्री का दिनांक दर्ज करें। इसके बाद स्लॉट बुक पर सबमिट करें। पोर्टल पर पंजीकृत किसान द्वारा बुक किए गए स्लॉट की जानकारी प्रदर्शित होगी। इसका प्रिंट निकाला जा सकता है। किसान अपने पंजीकृत एन्ड्रॉयड फोन, लोक सेवा केन्द्र, ग्राम पंचायत, एमपी ऑनलाइन के कियोस्क सेंटर, उपार्जन केन्द्र तथा इंटरनेट कैफे का उपयोग कर गेंहू उपार्जन के लिए स्लॉट बुक कर सकते हैं। किसान द्वारा बुक किए गए स्लॉट की वैधता तीन कार्य दिवस की होगी। शासन द्वारा गेंहू उपार्जन की अंतिम तिथि 20 मई निर्धारित की गई है।

### अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने के लिए निर्देश जारी

**पन्ना।** अक्षय तृतीया के अवसर पर प्रायः अत्यधिक संख्या में विवाह संपन्न होते हैं। जिसमें बाल विवाह होने की अधिक संभावनाएं होती हैं। अक्षय तृतीया पर बाल विवाह जैसी कुरीति को रोकने के लिये शासन स्तर से प्रदेश के समस्त जिला कलेक्टर्स को दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। महिला बाल विकास विभाग मध्यप्रदेश द्वारा जिला कलेक्टरों से कहा गया है कि बाल विवाह की सूचना प्राप्त करने के लिये प्रत्येक वार्ड एवं ग्राम में सूचना तंत्र गठित कर सक्रिय किया जाये। सूचना तंत्र में शिक्षक, आशा, एएनएम, स्वसहायता समूह की सदस्य, शौर्यादल की अध्यक्ष, समन्वयक, सदस्य, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मातृ सहयोगिनी समिति, सरपंच, पंच, सचिव एवं ग्राम के नागरिकों को शामिल किया जाये। सूचना तंत्र के सहयोगी क्षेत्र में हो रहे बाल विवाह की सूचना से जिला प्रशासन एवं दूरभाष पर जिला कंट्रोल रुम को अवगत करायेंगे। इसके अलावा कोई भी व्यक्ति बाल विवाह की सूचना नजदीकी थाना, चाईल्ड लाइन नंबर 1098 एवं सीएम हेल्पलाइन नंबर 181 पर दे सकता है। संचालनालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि बाल विवाह जैसी कुरीति पर रोकथाम के लिये विवाह में सेवा देने वाले सेवा प्रदाताओं (प्रिंटिंग प्रेस, हलवाई, केटरिंग, धर्मगुरु, बैंडवाला, ट्रांसपोर्टर) एवं समाज के मुखिया, जनप्रतिनिधियों एवं अशासकीय संस्थाओं के प्रतिनिधियों की कार्यशाला जिला व खंड स्तर पर आयोजित की जाये। उन्हें बताया जाये कि बाल विवाह में अपनी सेवायें नहीं प्रदान करें। विवाह के पूर्व वर-वधु के उम्र संबंधी दस्तावेंजो का परीक्षण करने के बाद ही अपनी सेवायें देंगे। इसके साथ ही सामूहिक विवाह करने वाले आयोजकों से इस आशय का शपथ प्राप्त करेंगे कि वे अपने आयोजनों में बाल विवाह नहीं करेंगे।

## मई जून के माह में अब पानी को लेकर

# जंगल हो या नगर दोनों जगह संकट के हालात






### कहां से पानी की आपूर्ति प्यास के लिये होगी पूरी, केन नदी की ओर अब जंगली जानवरों का जोर

पन्ना टाइगर रिजर्व के अंतर्गत जंगली जानवरों की प्यास बुझाने के लिये केन नदी ही साधन आने वाले समय में वाटर लेविल घटते हुये हालात को लेकर सभी के लिये चिंताजनक पन्ना टाइगर रिजर्व के अंदर मडला पन्ना रोड किनारे बना चौपरा स्वयं ही कर रहा बयां ।

**पन्ना।**

क्या जंगली जानवरों के पानी आपूर्ति को लेकर विभाग के द्वारा ऐसे स्थलों का जीर्णोद्वार या टाइगर रिजर्व के अंदर जंगली जानवरों को पानी की जरूरत के समय इन स्थानों में पानी कैसे मिले क्या होगा सुधार

ग्रीष्म ऋतु आते ही पानी की याद सताने लगती है पन्ना नगर से लेकर आस-पास के क्षेत्रों के गांवों तथा टाइगर रिजर्व के अंदर भी पानी की कमी इन दिनों स्वयं ही पानी के संसाधनों के रूप में जहां सूखे हालात चौपरों से ही अंदाजा लगाया जा सकता है अब पानी की पुरजोर जरूरत का समय आ गया। मई जून के माह में पानी की समस्या हर वर्ष अपने अंदाज में सामने आती है फिर भी सरकार हो या विभाग के हालात किसी तरह इन दिनों समस्या को निकालने की सोच रखते हुये चलना देखा जाता है तभी तो बदलाव के हालात नहीं आ पाते पानी की व्यवस्था इन माहों में काम चलाऊ या संघर्ष को लेकर देखने को मिलती है नगर में तो एक दिन बाद या दो दिन बाद तक पानी की सप्लाई करने को लेकर व्यवस्था बनाना मानते है वहीं जंगली जानवरों की बात करें तो इनके लिये पानी की व्यवस्था गांवों से लेकर जंगलों तक में हालात अलग ही नजर आते है। कई गांव जो वन सीमा से लगे होते है वहां जंगली जानवर पानी पीने के लिये पानी की तलाश में गांवों की ओर रूख करने लगते है। साथ ही पन्ना टाइगर रिजर्व के अंदर जंगली जानवरों का सहारा प्यास के लिये केन नदी ही मानी जाती है वह भी अब वर्तमान समय में अपने अस्तित्व को बचाये रखने को लेकर संघर्ष की कहानी बन रही है। जहां केन नदी में इन दिनों भी धारा का प्रवाह होता था वहां हालात पानी के भराव को लेकर देखने को मिलते है हालात पानी के प्रतिवर्ष कमी को लेकर मई जून का माह संघर्ष के लिये जाना जाता है। जंगली जानवर हो या नगर में आम आदमी की जरूरत पानी की प्यास बुझाने को लेकर लोग रातों पानी भरते है कहां से लायें कैसे लायें पर प्यास बुझाते हुये फिर भी बदलाव देखने को नहीं मिलता फिर भी समस्या जस की तस बनी रहती है आखिर पानी की व्यास्था को लेकर जिम्मेदार कितने वर्षों तक यह हालात पैदा किये रहेंगे इसके पीछे क्या है राज समझ से परे कहने को दावे सबका विकास सबका साथ वहीं पानी की व्यवस्था को लेकर जिले में कितना बजट आता है क्या व्यय किया जाता है क्या बदलाव हुआ यह अनसुलझे सवाल जिम्मेदार ही दे सकते है चाहे वो जनप्रतिनिधि हों या फिर विभाग प्रमुख पानी को लेकर बड़े बड़े डेमों का निर्माण जिले में बताया जा रहा है वहीं गांवों की सप्लाई को लेकर जल निगम के माध्यम से व्यवस्था टंकी के माध्यम से हर गांव में हर घर तक नल से जल पहुंचाने का दावा किया जाता है पर आज भी कई गांव पानी की प्यास को लेकर संघर्ष की दास्तां बयां करते है। टंकियां बन गई डेम बना नहीं उदाहरण को लेकर पानी की व्यवस्था के लिये मझगांय डेम अजयगढ तहसील में बनाया जा रहा है टंकियां कई गांवों में बनाई गई हो सकता है जब तक डेम बनकर तैयार हो तब तक टंकिया जो बनी है बेकार हो जायें फिर वहीं हालात पानी को लेकर जरूरत उसी तरह संघर्ष को लेकर मइ्र जून के माह तपती धूप में पानी की प्यास को लेकर आज तक हम व्यवस्था इंसान हो या जानवर दोनों की नहीं कर पाये फिर भी सबका साथ सबका विकास बदलाव की बयार बयां करते है। आखिर क्या इन दिनों पानी को लेकर जो जरूरत है इस पर नजर डाली जायेगी वहीं केन नदी को लेकर पूरी ताकत से माफिया का तांडव जारी है। नदी के अंदर से कितने फुट से रेत निकालने पानी भले ही रसातल में जाये या पानी रह ही न जाये इससे कोई वास्ता नहीं आगे आने वाला समय पानी को लेकर और भी गहरे संकट की आहट देगा, इसको लेकर क्या जिम्मेदार कर रहे है इंतजार।



## अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद की बैठक संपन्न

### भगवान परशुराम के प्रगटोत्सव के संबंध में बैठक में हुई चर्चा

**पन्ना।** अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के तत्वाधान में दिनांक 05 मई को बैठक का आयोजन परिषद के जिला अध्यक्ष पंडित राजीव तिवारी के निज निवास शास्त्री भवन में किया गया जिसमें बैठक में सर्वप्रथम विप्रकुल गौरव भगवान परशुराम जी का विधि विधान के साथ पूजा आरती की गई तत्पश्चात बैठक की शुरुआत की गई जिसमें आगामी 10 मई को भगवान परशुराम के प्रगटोत्सव को बड़े ही धूमधाम के साथ मनाने के लिए कार्य योजना तैयार की गई जिसमें बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 10 मई को पन्ना शहर के बेनीसागर तालाब के पास स्थित क्षीरसागर में सुबह 8रू00 बजे संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन किया जाएगा तत्पश्चात शुभ मुहूर्त पर भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव विधि विधान के साथ मनाते हुए प्रसाद वितरण किया जाएगा साथ ही बैठक में बताया गया कि भगवान परशुराम की शोभा यात्रा के दौरान परिषद के द्वारा शोभा यात्रा का स्वागत किया जायेगा परिषद के जिला अध्यक्ष पंडित राजीव तिवारी ने परिषद के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य गणों से निवेदन किया है कि हमारे आराध्य भगवान श्री परशुराम के प्रगटोत्सव के शुभ अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में पधारे आयोजित बैठक में मुख्य रूप से आर.डी.शुक्ला, राजीव तिवारी, रविंद्र द्विवेदी, कौशलेंद्र पांडेय, एडवोकेट आनंद त्रिपाठी, संदीप चौरहा, आशीष दुबे, दुर्गेश त्रिपाठी, वीरेंद्र त्रिपाठी,बृजेश गौतम, पंकज द्विवेदी, सुनील कुमार पांडे, महेश गंगेले, अजय तिवारी, राकेश तिवारी, पंकज गर्ग, संदीप पांडेय, धीरज चौराहा, अजय बाजपेई, महिला प्रकोष्ठ से रिचा दुबे,मीना तिवारी के साथ काफी संख्या में विप्र समाज के लोग उपस्थित रहे।

## हरेंद्र त्रिपाठी के नेतृत्व में आज से सप्तदिवसीय अखण्ड श्री रामनाम संकीर्तन (रामधुन) का सलेहा में किया गया आयोजन

### बड़ी संख्या में पहुंचेंगे राम भक्त राम

**गुनौर।**



मंगलवार से दिनांक-14-05-24 दिन-मंगलवार तक भाजपा मंडल अध्यक्ष सलेहा हरेंद्र त्रिपाठी के नेतृत्व में सप्तदिवसीय रामधुन का आयोजन स्थान-श्री हनुमान मंदिर-@@सलेहा-(नया बस स्टैंड)@@ में किया जा रहा है जिसमे क्षेत्रवासियों एवं सभी धर्मप्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति होने का आग्रह किया रामधुन में टोली के अनुसार प्रत्येक ग्राम के कार्यकर्ताओं एवं संकीर्तन टोली को 12 घण्टे सेवा देने का अवसर मिलेगा मंडल अध्यक्ष ने आग्रह करते हुए कहा की हमारे सभी बजरंगदल के कार्यकर्ताओं से आग्रह है जिस दिन आपके ग्राम की संकीर्तन टोली का क्रम रहेगा उस दिन 12 घण्टे आपकी उपस्थित अनिवार्य है सभी कार्यकर्ता अपने अपने ग्राम की टोली के साथ इस कार्यक्रम में सहभागिता दर्ज कराएंपावन पुनीत कार्यक्रम में आप सभी पूरी लगन के साथ सहयोग करेंगे इसी आशा के साथ आप सभी सादर आमंत्रित हैं वही कहा की जिन ग्राम की टोली अभी इस सूची में जुड़ी नही हैं वो मुझसे व्यक्तिगत बात कर लेंगे तो उनके ग्राम की टोली को भी जोड़ लिया जाएगा समस्त श्री रामनवमी उत्सव समिति, विश्वहिंदू परिषद-बजरंगदल एवं समस्त हिन्दू संगठन के कार्यकर्ता बंधु के सदस्य अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे।

## बसों में यात्रा करना सुरक्षित नहीं, बस चलाते वक्त बस चालक करते हैं मोबाइल का इस्तेमाल, वहीं स्पीड का पैमाना भी कुछ अलग है





**पन्ना।**

इन दिनों बसों के संचालन करने वाले बस मालिक कब होंगे सजग सुरक्षित सफर बस में यात्रियों का कैसे हो जब आपके चालक मोबाइल का इस्तेमाल बस चलाते वक्त करते है वहीं कहां-कहां बसें रूकती है अब कोई पैमाना नहीं जहां एक सवारी दिखी वहीं रोकने का खेल इतना ही नहीं एक दूसरे में कंपटीशन के हालात ओवर टेक करने को लेकर आखिर कितने अंतराल में रोड का परमिट दिया जाता है क्या जिम्मेदार परिवाहन विभाग के मुखिया करेंगे गौर आम आदमी की जिंदगी की परवाह बस में यात्रा करते वक्त सुरक्षा को लेकर कौन जिम्मेदार, भले ही यातायात पुलिस कार्यवाही करते नजर आये पर परिवाहन विभाग कहां रहता है गायब यह तो सवाल ही बना हुआ है।

जब कोई घटना घट जाती है तो प्रदेश के मुख्यालय से जांच को लेर आदेश जारी होने लगते है आनन-फानन में हर जिला तहसील स्तर तक कहें या कस्बों में भी बसों की चेंकिंग करते परिवाहन विभाग नजर आने लगता है। वहीं जब समय बीत जाता है तो क्या मापदण्ध्ड है क्या हालात है सड़कों में बसों की रफ्तार हो या पैमाना बस का ही कितने साल पुरानी कैसी चल रही धड़ल्ले से वहीं बस चालक जब बखूबी मोबाइल का इस्तेमाल बस चलाते वक्त करते है वहीं एक हांथ से स्टेरिंग संभालते है इन परिस्थितियों में बसों में सवार सफर करने वाले मजबूर यात्रियों की जान हथेली में होती है। कब यात्रा पूरी हो जाये यह म नही मन भजते है क्योंकि बस में तो सवार है मंजिल का इंतजार है वहीं बसों के टाइमिंग की बात करें तो पहले निश्चित होता था कितने समय में बस पहुंचाती है मंजिल तक अब हालात कुछ और है। सड़क में जहां स्टाफ ही न हो बस रोकने को लेकर वहां पैमाना नहीं अब तो जहां सवारी दिखी वहीं बस में ब्रेक बस चालक के लगा दिया जाता है। न सीट का पैमाना कितने बैठाना है और न ही मापदण्ड बस चलाते वक्त सावधानी का वहीं आपस में इस तरह से कंपटीशन सडक में ही एक दूसरे से ओवर टेक करते हुये देखने में नजर आ जाता है नगर के अंदर तक हालात कई बार चिंता जनक होते है फिर तो सड़क की बात ही अलग है। जब यातायात पुलिस के द्वारा कार्यवाही भी की जाती है तो बस मालिक जागते है आखिर बस मालिक क्या करेंगे विचार आपकी बस में कितनी जानें सवार होकर सुरक्षित सफर तय करने को लेकर चलती है। हर दिन सडक में बस दौड़ती है आखिर कब वाहन चालक को करेंगे सजग वहीं स्वयं आपस में सड़क में परिमिट को लेकर कब होंगे सजग कितना अंतर होना चाहिये वह स्वयं करें विचार ओवर टेक की समस्या का करें निदान। वहीं जिम्मेदार परिवाहन विभाग के मुखिया क्षेत्रीय परिवाहन अधिकारी पन्ना क्या चुनावी समय या फिर जब खतरे की घंटी हादसों की बज जाती है प्रदेश से फरमान जारी होता है तक साहब सडक में नजर आते है आखिर वैसे भी बसों के मनमानी आवागमन सडकों में असावधानी को लेकर कौन है जिम्मेदार आखिर कैसी बसें दौड़ रही है सड़कों में क्या अपने पैमाने की परवाह नियमों को पालन कराये जाने को लेकर कौन है जिम्मेदार।

## कलेक्टर ने टीएल बैठक में समीक्षा कर दिए निर्देश

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने सोमवार को साप्ताहिक समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक के मौके पर विभिन्न लंबित प्रकरणों व शिकायतों के निराकरण की विभागवार विस्तृत समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही समय-सीमा में सभी लंबित कार्यों के क्रियान्वयन के संबंध में भी निर्देशित किया। इसके अलावा लोकसभा निर्वाचन में मतदानकार्मिकों के मानदेय वितरण व वेण्डर्स को राशि के भुगतान की समीक्षा कर बजट उपलब्धतानुसार अविलंब लंबित भुगतान सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने गत 27 दिसम्बर को एसीएस की अध्यक्षता में संपन्न हुई संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने एवं आगामी 13 मई को प्रस्तावित समीक्षा बैठक की तैयारी के लिए आवश्यक कार्यवाही के लिए भी निर्देशित किया। साथ ही केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं व बुन्देलखण्ड पैकेज अंतर्गत तालाब निर्माण कार्यों तथा अन्य निर्माण कार्यों के प्रगति की जानकारी भी ली। जल जीवन मिशन एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अंतर्गत कार्यों की ग्रामवार सूची प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। जनकपुर में प्रस्तावित डायमंड पार्क के कार्यों व परंपरागत व्यवसाय एवं शिल्पकला को बढ़ावा देने के लिए मार्केट लिंकेज की कार्ययोजना के बारे में जानकारी ली।

**अवमानना याचिकाओं की समीक्षा-** कलेक्टर श्री कुमार ने टीएल बैठक में विभिन्न विभाग अंतर्गत अवमानना याचिकाओं की समीक्षा कर अधिकारियों को ऐसे प्रकरणों में डायरी संधारित करने व अवमानना याचिका के तहत मूल आदेश का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। साथ ही समय पर पालन न होने की स्थिति में कार्यवाही की चेतावनी भी दी। उन्होंने कहा कि न्यायालयीन मामलों में अधिकारी लापरवाही की प्रवृत्ति से बचें और समय-सीमा में न्यायालयीन आदेश का गंभीरतापूर्वक पालन सुनिश्चित कराएं।

**उपार्जन उपरांत त्वरित परिवहन व भण्डारण के निर्देश-** जिला कलेक्टर द्वारा बैठक में गेहूं एवं सरसों, चना व मसूर फसल के समर्थन मूल्य पर उपार्जन कार्य की अद्यतन प्रगति की जानकारी ली गई। बताया गया कि गेहूं के उपार्जन उपरांत अब तक लगभग 78 प्रतिशत स्कंध का परिवहन हो चुका है। किसानों को लगभग 35 करोड़ रूपए की राशि का भुगतान किया जा चुका है। 53 खरीदी केन्द्रों में से 31 केन्द्र गोदाम स्तरीय हैं। कलेक्टर ने एफएक्यू गुणवत्ता का गेहूं खरीदी उपरांत त्वरित रूप से आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। साथ ही परिवहन व भण्डारण सहित किसानों को राशि भुगतान के कार्य में तेजी लाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि शुरूआती स्तर पर ही एफएक्यू क्वालिटी के गेहूं का उपार्जन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही दो दिवस में 90 प्रतिशत से अधिक परिवहन सुनिश्चित कराने के लिए कहा। उन्होंने उप संचालक कृषि से सरसों, चना व मसूर के उपार्जन कार्य की जानकारी लेकर सभी 23 केन्द्रों पर परिवहन के



कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही अधीनस्थ अमले के माध्यम से विभागीय समन्वय के साथ आवक अनुसार केन्द्रों पर वारदाना वितरण कराने के लिए कहा। उन्होंने नसीहत दी की अधिकारी-कर्मचारी बगैर दबाव व लालच के उपार्जन कार्य सुनिश्चित करें। लापरवाही बरतने वाली सोसायटी को नोटिस जारी करने की बात कही।

**पेयजल उपलब्धता के निर्देश-** कलेक्टर ने कहा कि शहरी क्षेत्रों सहित दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की उपलब्धता की निरंतर मॉनीटरिंग कर किसी भी समस्या के तत्काल निवारण के लिए संबंधी अमला अलर्ट रहे। किसी भी स्थिति में पेयजल समस्या विकराल रूप न ले। परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण को शहरी निकायों में गत वर्ष संचालित टैंकर तथा एक वर्ष की अवधि में वांछित सुधार के संबंध में जानकारी प्रस्तुत करने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशानुसार सभी शासकीय व निजी बोरवेल को स्टील कैप व क्रांक्रीट बेल्ट से ढकने की कार्यवाही करें। यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी स्थिति में बोरवेल खुला न रहे। आकांक्षी विकासखण्ड अजयगढ़ की निर्धारित सूचकांकों के आधार पर संबंधित विभागवार अद्यतन प्रगति के बारे में जानकारी ली। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा संस्थागत प्रसव व एएनसी पंजीयन के बारे में अवगत कराया गया।

**खबर संक्षेप**

## बंद बोरे में कुआ में तैरती मिली अज्ञात लाश

**प्रकाशबम्होरी।** थाना अंतर्गत मुडहरा गांव के पास कुएं में प्लास्टिक के बंद बोरे में मिली अज्ञात लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। ज्ञात हो लगभग बीते दो माह पूर्व भी इसी तरह से बंद बोरे में एक अज्ञात लाश मिली थी जिसकी बाद में शिनाख्त हुई थी। इस तरह की ये दूसरी घटना है वो भी लगभग 2 माह के अंदर।

इस संबंध में जब एसडीओपी नवीन दुबे से बात की तो उनका कहना है की एक प्लास्टिक के बंद बोरे में अज्ञात शव मिला है। जिले से जांच टीम शव की बारीकी से जांच कर रही है। वहीं मामले को लेकर लवकुशनगर एसडीओपी नवीन दुबे ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे ले लिया है। आसपास बदबू आने से ग्रामीणों ने पुलिस को सूचित किया था।

## 6 करोड़ से चार तालाबों का होगा सौंदर्यीकरण

**छतरपुर।** शहर के रियासत कालीन तालाबों की दुर्दशा किसी से छिपी नहीं है। किसी समय शहर में पानी की विकराल समस्या सामने आयी होगी तभी तत्कालीन रियासत ने तालाबों का निर्माण कराया गया होगा लेकिन इन प्राचीन धरोहरों को सहेजने के बजाय जिम्मेदार लोग कब्जा कराने में जुटे हैं। तालाबों के सौंदर्यीकरण की रूपरेखा तय हुई है। 6 करोड़ में चार तालाबों की सूरत बदलने की बात सामने आयी है जिसमें दो तालाबों का सौंदर्यीकरण अमृत परियोजना-2 के माध्यम से और दो तालाबों को नगर पालिका अपने बजट से दुरूस्त करेगी।

जानकारी के मुताबिक अमृत परियोजना के दूसरे फेज के तहत तीन करोड़ की लागत से संकट मोचन तालाब एवं ग्वाल मंगरा तालाब का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। नगर पालिका की सीएमओ माधुरी शर्मा और बैंगलोर के विशेषज्ञ आनंद मलिगवाद ने इन दोनों तालाबों का निरीक्षण किया। सीएमओ माधुरी शर्मा ने बताया कि सभी जगह वाटर बोडिज के वाटर कंजर्वेशन में जो काम होना है उसके तहत दो तालाबों को लिया गया है जिसमें ग्वाल मंगरा एवं संकट मोचन तालाब शामिल है। इसके अलावा निकाय की ओर से किशोर सागर तालाब एवं विंध्ववासिनी तलैया में भी तीन करोड़ से काम किया जाएगा। कलेक्टर के मार्गदर्शन में यह पूरा कार्य होगा। उन्होंने बताया कि लिगमेन ऑफ इंडिया आनंद मलिगवाद को बुलाकर उनके सुझाव लिए गए हैं और ये सुझाव डीपीआर में शामिल होंगे। आचार संहिता खत्म होने के बाद भी इन तालाबों में कार्य शुरू होगा।

## नाबालिगों की शादी नहीं करें, बाल विवाह होने की 1098 या डायल 100 पर दें सूचना

**छतरपुर।** जिला प्रशासन छतरपुर द्वारा जिले के लोगों से 10 मई 2024 अक्षय तृतीया एवं विशेष तिथियों पर होने वाले विवाह में बाल विवाह नहीं करने की अपील की है। लोगों से अपील की गई है कि बाल विवाह होने की सूचना निकटतम थाने सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, टोल-फ्री नम्बर पर दें।

जिला महिला बाल विकास अधिकारी राजीव सिंह ने लाडो अभियान के तहत बाल विवाह को रोकने के लिये सामूहिक विवाह करवाने वाले आयोजकों, प्रिंटिग प्रेस ऑनर्स, हलवाई, सामाजिक धर्म गुरूओं, मैरिज हाउस के मालिकों से अपील की है कि बालक एवं बालिकाओं के बालिक होने संबंधी प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद ही सेवाएं प्रदान करें। मुद्रकों से अपील की गई है कि वैवाहिक पत्रिका में स्पष्ट रूप से उल्लेख करें कि वर-बधु बालिक है। आयु प्रमाण के लिये स्कूल की अंकसूची, जन्म प्रमाण पत्र एवं आंगनवाड़ी केन्द्र के रिकार्ड से मिलान करे। इसके लिये मेडीकल बोर्ड द्वारा जारी प्रमाण पत्र मान्य किया जाएगा। बाल विवाह रोकने के लिये महिला बाल विकास कार्यालय में जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष बनाया गया है। जिसका दूरभाष क्र. 07682-243590, मोबाइल नम्बर 8516841808 सहित कॉल सेंटर दूरभाष नम्बर 07682-181 चाइल्ड हेल्प लाइन नम्बर 1098 के अलावा डायल 100 पर भी सूचना दी जा सकेगी।

## सहकारी बैंक शाखा राजनगर अंतर्गत सेवा सहकारी समिति धवाड का मामला

# मुख्य सरगना समिति प्रबंधक गणपत पटेल के ऊपर नहीं हुआ मामला पजीबद्ध?






### ट्रकों के ड्राइवरों के पास मौके पर नहीं मिले थे कोई दस्तावेज, पुलिस ने मामला किया पंजीबद्ध

**राजनगर।** सहकारी बैंक शाखा राजनगर अंतर्गत सेवा सहकारी समिति धवाड़ में केंद्र प्रभारी और सहायक केंद्र प्रभारी के ऊपर 420, 34 आईपीसी का मामला पंजीबद्ध किया गया है। बीते दिनों धवाड समिति के लिए सरसों का केंद्र राजनगर मंडी में स्वीकृत हुआ था, लेकिन समिति प्रबंधक गणपत पटेल और केंद्र प्रभारी अरुण गुप्ता अधिकारियों से सांठ गांठ कर केंद्र को धवाड़ समिति ले गए। फिर भी केंद्र को धवाड़ सोसाइटी में ना खोलकर 4 किलोमीटर दूर अकोना सोसाइटी में यह केंद्र 2-3 दिन के लिए खोला गया। यहां पर समिति प्रबंधक गणपत पटेल और केंद्र प्रभारी अरुण गुप्ता द्वारा करीब 2000 हजार क्वांटल सरसों पहले से ही खरीद कर रख लिया था। इसी खेल के लिए अधिकारियों से सांठ गांठ कर केंद्र को 2-3 दोनों के लिए अकौना में खोला गया था। जिसमें अरुण गुप्ता के यहां से सिर्फ बोरियों की पलटी हुई है, और सरकारी बोरियों में यह सरसों केंद्र में लाया गया था। बीते दिनों बिना रसीद, बिना बिलिटी और बिना गेट पास के यह तीन ट्रैकों में सरसों भरकर राजनगर मंडी वेयर हाउस में रखने के लिए लाया गया था। जिसकी शिकायत पूर्व सरपंच राममूर्ति तिवारी अकोना द्वारा राजनगर तहसीलदार सहित जिले के वरिष्ठ अधिकारियों से की गई थी। तहसीलदार धीरज कुमार गौतम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। मौके पर देखा की राजनगर मंडी में तीन ट्रक सरसों से लदी गाड़ियां खड़ी है। जिसमें ड्राइवरों से कागजात मांगे गए, लेकिन मौके पर ड्राइवर द्वारा कोई कागजात उपलब्ध नहीं कराए गए।

तहसीलदार ने तत्काल पंचनामा तैयार कर तीनों ट्रैकों को राजनगर थाने में पुलिस के सुपुर्द कर दिया और प्रतिवेदन जिले के वरिष्ठ अधिकारियों को भेज दिया गया। मामले को संज्ञान में लेकर कलेक्टर ने बीते 5 मई को संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही के निर्देश दिए। जिला विपरण संघ टीम ने राजनगर थाने जाकर देखा, तो तीनों ट्रैकों में से किसी के कोई कागजात नहीं मिले। जिसमें जिला विपणन संघ सूर्य प्रताप सिंह चंदेल द्वारा थाना राजनगर में केंद्र प्रभारी अरुण गुप्ता और सहायक केंद्र प्रभारी भूपेंद्र गुप्ता के खिलाफ 420, 34 आईपीसीके तहत मामला पंजीबद्ध कराया गया।

### क्या है पूरा मामला -

सेवा सहकारी समिति धवाड़ में समिति प्रबंधक गणपत पटेल और अरुण गुप्ता विक्रेता(केंद्र प्रभारी) द्वारा 2 माह पहले से क्षेत्र में घर घर सरसों खरीदने का खेल चल रहा था। समिति प्रबंधक गणपत पटेल और विक्रेता अरुण गुप्ता द्वारा करीब



2000 हजार क्वांटल सरसों पहले से ही खरीद कर अपने तथा अपने उचित स्थान पर रखवा लिया था। जिसमें यह सरसों विक्रेता अरुण गुप्ता और समिति प्रबंधक गणपत पटेल द्वारा अधिक मुनाफा के चलते नगद में किसानों के घर से लगभग 4000 - 4200 रुपए के रेट से खरीदा गया है। बीते दिनो यह धवाड सोसायटी का सरसों का खरीदी केंद्र राजनगर मंडी में खोलने का आदेश हुआ था। जिसमें समिति प्रबंधक गणपत पटेल ने जिले के अधिकारियों से सांठ गांठ कर केंद्र को मौखिक तौर पर धवाड समिति में खोला गया। अधिक मुनाफा और काले काम करने के लिए केंद्र को 2-3 दिनों के लिए धवाड से लगभग 4 किलोमीटर दूर अकौना में खोला गया। जिसमें अरुण गुप्ता के यहां रखा हजारों क्विंटल सरसों को सिर्फ सरकारी बोरियों में पलटी किया गया है। और ना ही कोई तोल हुई और ना ही साफ-सफाई पर ध्यान दिया गया है। किसानों के नाम के फर्जी पंजीयन पहले से ही समिति प्रबंधक गणपत पटेल ने अपने यहां करके रख लिए थे। समिति प्रबंधक गणपत पटेल और केंद्र प्रभारी अरुण गुप्ता द्वारा बीते दिनों अपने सरसों को सरकारी बोरियों में पलटी करने के बाद ट्रैकों में लाद कर राजनगर वेयर हाउस में रखना था, लेकिन अकौना गांव के पूर्व सरपंच राम मूर्ति तिवारी द्वारा इसकी शिकायत राजनगर तहसीलदार सहित जिले के आला अधिकारियों से की थी। जिसमें राजनगर तहसीलदार धीरज कुमार गौतम ने मामले को तत्काल गंभीरता से लेते हुए पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। जिसमें राजनगर मंडी में देखा गया कि धवाड समिति के तीन ट्रक खड़े हुए हैं, जब इन ट्रक ड्राइवरों से कागजात संबंधी पूछा गया, तो ड्राइवरों का कहना था। हमारे पास कोई कागजात नहीं है, और ना ही समिति द्वारा कोई कागजात हमको दिए गए। तहसीलदार ने तत्काल तीनों ट्रैकों को राजनगर थाने में पुलिस के सुपुर्द रख कर पंचनामा तैयार किया गया। राजनगर तहसीलदार ने जिले के वरिष्ठ अधिकारियों को और संबंधित विभाग के अधिकारियों को आगे की कार्यवाही के लिए प्रतिवेदन भेजा गया था। जिसमें वितरण संघ छत्तरपुर के द्वारा केंद्र प्रभारी अरुण गुप्ता और सहायक केंद्र प्रभारी भूपेंद्र गुप्ता के ऊपर 420 और 34 आईपीसी का मामला पंजीबद्ध किया गया, लेकिन जिम्मेदार मुख्य सरगना समिति प्रबंधक गणपत पटेल के ऊपर नहीं हुआ मामला पजीबद्ध। मामला दर्ज होने के बाद भी किसी अन्य विक्रेता को केंद्र प्रभारी का चार्ज नहीं दिया गया।

### इनका कहना है

मौके पर कोई दस्तावेज नहीं मिले हैं, और जिला वितरण संघ छतरपुर के प्रतिवेदन पर थाना राजनगर में 420, 34 आईपीसी का मामला पंजीबद्ध किया गया है, विवेचना जारी है।

**मन भरण सिंह**
जांच अधिकारी, सब इंस्पेक्टर थाना राजनगर

## तालाबों एवं जलाशयों का प्राथमिकता के साथ पुनर्जीवीकरण करें: कलेक्टर




**छतरपुर।** कलेक्टर संदीप जी.आर. की अध्यक्षता में सोमवार को जिला पंचायत सभाकक्ष छतरपुर में टीएल बैठक संपन्न हुई। बैठक में एडीएम मिलिंद नागदेवे, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती तपस्या परिहार, सहायक कलेक्टर काजोल सिंह सहित एसडीएम, जनपद सीईओ, सीएमओ सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे।कलेक्टर श्री जी.आर. ने निर्देशित किया कि सीईओ जनपद सक्रिय रहें। उन्होंने कहा कि सात दिवस में भूमि के आवंटन संबंधित प्रकरणों के निराकरण नजूल अधिकारी के समन्वय हल कराएं। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभिन्न प्रोजेक्ट से संबंधित फॉरेस्ट विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करें। साथ ही अधिकारियों को निर्देशित किया कि अकाउंट बुक पर नजर रखते हुए विवेक पूर्ण तरीके से खर्च करें। उन्होंने कहा कि शासकीय कार्यालयों में अनावश्यक पड़ी सामग्री एवं पुराने कंडम हो चुके वाहनों को नीलाम करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जो नए भवन निर्माण हो रहें हैं उनकी वास्तुशिल्पी डिजाईन तार्किक हो और भवन निर्माण में भूमि का पूर्ण उपयोग हो। कलेक्टर ने एसडीएम को निर्देशित किया कि सभी नए भवनों का निरीक्षण कर सुनिश्चित करें कि भू-खण्डों की जमीन का उत्कृष्ट उपयोग हो।

कलेक्टर श्री जी.आर. ने सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा में कम निराकरण होने पर स्वास्थ्य विभाग, पीएचई, गृह विभाग, उच्च शिक्षा को कारण बताओ नोटिस जारी करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा लंबित न्यायालयीन प्रकरणों के निराकरण के लिए हर शनिवार को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में संबंधित व्यक्तियों से उनके सुझाव सुने। इसके अलावा सीईओ सीएमओ अपने कार्यालयों में लंबित प्रकरणों के संबंध में संबंधित व्यक्तियों के सुझाव लें। कलेक्टर श्री जी.आर. ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राथमिकता से ग्रीष्म काल को देखते हुए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में तालाबों एवं अन्य जलाशयों के पुनर्जीवीकरण करने की प्रक्रिया शुरु करें।

### प्रोफेशनल कोर्स के साथ प्राइवेट जैसी मिलेंगी सुविधाएं, 57 नए प्रोफेसर भी आएंगे

# पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में उन्नयन होने पर बापू कॉलेज को मिला 16 करोड़ का बजट

**नौगांव।** शहर में संचालित शासकीय बापू महाविधालय का पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस पीजी में उन्नयन होने पर शासन ने 16 करोड़ रुपए से अधिक का बजट जारी किया है, पीएम कॉलेज में क्रियान्वन होने पर विद्यार्थियों को सरकारी कॉलेज में प्राइवेट जैसी सुविधाएं मिलने वाली हैं। जिससे कॉलेज में आधुनिक अतिरिक्त भवन निर्माण के साथ छात्रावास, ई लायब्रेरी, स्मार्ट क्लास, संगीत प्रयोगशाला, भूगोल प्रयोग शाला निर्माण के साथ नए टेक्नोलोजी एवं प्रोफेशनल से जुड़े नए कोर्स प्रारंभ हो रहे हैं तो छात्र छात्राओं के आवागमन के लिए बस सुविधा भी प्रारंभ हो रही है।

उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश के कॉलेजों को स्मार्ट क्लास के साथ आधुनिक एवं अन्य सुविधाओं और पढ़ाई के स्तर को विश्व स्तरीय बनाने के उद्देश्य से पीएम एक्सीलेंस योजना प्रारम्भ की है, जिसमें प्रदेश के पूर्व के 53 जिलों में संचालित शासकीय कॉलेजों में प्रत्येक जिले से एक कॉलेज का चयन किया है। छतरपुर जिले से इस योजना में शासकीय बापू महाविधालय नौगांव को सम्मिलित किया है, छात्र संख्या के दृष्टिकोण से जिले का सबसे बड़ा बड़ा कॉलेज है। साथ ही शिक्षा विभाग ने योजना के क्रियान्वन के लिए 53 में से 15 कॉलेजों का चयन किया है इसमें भी बापू महाविधालय को प्रदेश में तीसरे नम्बर पर प्राथमिकता मिली है। पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में उन्नयन होने पर महाविद्यालय में पढने वाले छात्र छात्राओं को और बेहतर सुविधा मिलेगी।



### 16 करोड़ से होगा कॉलेज का आधुनिक विस्तार

पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में उन्नयन होने कर शासन ने 8 करोड़ 31 लाख एवं 3 करोड़ 35 लाख का बजट जारी किया है। प्राचार्य डॉक्टर एच डी अहिरवार ने बताया की शासन से महाविधालय के लिए 16 करोड़ से अधिक का बजट मिला है, जिसके तहत कॉलेज में आधुनिक अतिरिक्त भवन, बॉयस एवं गर्ल्स हॉस्टल, ई लायब्रेरी, स्मार्ट क्लास, संगीत प्रयोगशाला, भूगोल प्रयोगशाला, बायोटेक्नोलोजी लैब सहित कॉलेज को भव्य एवं उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान के लिए सुविधा शुरू हो रही हैं, जिसके लिए बजट के बाद निर्माण के संबंध में डीपीआर आदि प्रशासनिक कार्य होने के बाद टेंडर प्रक्रिया में हैं, जिसके बाद जल्द ही निर्माण कार्य प्रारंभ हो जाएगा।

### नए प्रोफेसर होंगे महाविधालय में पदस्थ, 57 नए पद सृजित -

महाविधालय में बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए उच्च शिक्षा विभाग ने 57 नए पद भी सृजित किए हैं, जिसके तहत अब महाविधालय में अन्य स्थानों से प्रोफेसर स्थानांतरित होकर आयेंगे, जिससे छात्रों का भविष्य बेहतर होगा।

### स्नातक में नए एवं प्रोफेशनल कोर्स हो रहे शुरू

प्राचार्य डॉक्टर एच डी अहिरवार ने बताया की इसी सत्र से स्नातक में ज्योग्राफी, बायोटेक्नोलॉजी, कंप्यूटर साइंस सहित अन्य नए कोर्स प्रारंभ हो गए हैं तो वहीं क्रिप्स कोर्स जिसे प्रोफेशनल कोर्स भी कहते हैं इन्हें प्रारंभ करने के लिए विश्वविद्यालय, उच्च शिक्षा विभाग को पत्र लिखकर मंजूरी ली गई है, मंजूरी मिलते ही स्नातक में टूरिज्म एवं हॉस्पिटैलिटी ऑपरेशन, फैशन डिजाइनिंग, डिजिटल मार्केटिंग, मीडिया मैनेजमेंट, रिटेल ऑपरेशन, खेल शिक्षा, योग शिक्षा, संगीत शिक्षा, चित्रकला शिक्षा सहित अन्य बहुत से आज के वर्तमान परिदृश्य के प्रोफेशनल कोर्स भी प्रारंभ हो रहे हैं। महाविद्यालय जनभागीदारी अध्यक्ष हरगोविन्द गुप्ता ने बताया कि वह शिक्षा के प्रति बहुत ही गंभीर हैं, शिक्षा ही जीवन की दिशा एवं दशा बदल सकती है, हम स्वयं इसके उदाहरण हैं। इसलिए कॉलेज को कॉलेज को नए एवं बेहतर बनाने के लिये हमेशा प्रयासरत रहते हैं, पीएम एक्सीलेंस में चयन होने के बाद छात्र छात्राओ को और बेहतर सुविधाएं मिलेगी। जिसमें सभी प्रकार के कोर्स नई शिक्षा नीति के तहत, आधुनिक शिक्षा व्यवस्था, अनुभवी और योग्य शिक्षिकों की नियुक्ति, छात्र छात्राओं को आने जाने के लिये वाहन सुविधा, नये क्लास रूम के साथ लाईब्रेरी की सुविधा, हॉस्टल सहित अन्य निर्माण होंगे। जिससे छात्र छात्राओ को और बेहतर सुविधाएं मिलेगी।

# एनटीपीसी विंध्याचल के विंध्य क्लब द्वारा समर कार्निवाल 2.0 का किया गया आयोजन

**एनटीपीसी।** विंध्याचल के विंध्य क्लब द्वारा दिनांक 6 मई 2024 को विंध्य क्लब परिसर में समर कार्निवाल का भव्य रूप से आयोजन किया गया। इस अवसर पर विंध्य क्लब के सदस्यों ने बढ़-चढ़ हिस्सा लिया। क्लब के कई सदस्यों ने राजस्थान, बिहार, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, केरल आदि के सुगंधित बहु-व्यंजनों के स्टॉल तैयार किए और लगाए। साथ ही स्वादिष्ट बेकरी उत्पादों और स्वादिष्ट पेय पदार्थों के स्टॉल भी लगाए गए।। सभी सदस्यों नें बहुत ही स्वादिष्ट भोजन तैयार कर उनकी साज-सज्जा आकर्षक ढंग से की, जो बहुत ही लुभावनी थी। विंध्य क्लब का यह प्रमुख कार्यक्रम सीज़न की शुरुआत का प्रतीक है और सभी विंध्याचल कर्मचारियों और परिवार के जीवन में गहराई से




निहित एनटीपीसी पारिवारिक संस्कृति कार्यक्रम का प्रतीक है।



कार्निवल में हर आयु वर्ग के लिए मनोरंजन के कई अनूठे आकर्षण थे, जैसे - वीडियो गेमिंग, टॉस द रिंग, सांप और सीढ़ी, ड्रॉप द बोतल । साथ ही साथ विंध्य क्लब द्वारा मैजिक शो और राजस्थानी लोक नृत्य का भी आयोजन किया गया। पूरा माहौल जश्न में बदल गया जब राजस्थान के प्रतिभाशाली कलाकारों ने मधुर लोक गीतों से वातावरण को मंत्रमुग्ध कर दिया और



जीवंत 'कालबेलिया' नृत्य के साथ मंच को रोशन कर दिया।

इस अवसर पर समर कार्निवाल में भोजन और खेल स्टालों के लिए प्रतिभागियों नें बढ़-चढ़ कर भाग लिया तथा फूड स्टॉल और गेम का भरपूर आनंद उठाया। साथी ही बच्चों ने दो सिर वाले आदमी के साथ सेल्फी खींचकर और मौज-मस्ती कर भरपूर आनंद उठाया।

सभी प्रतिभागियों द्वारा तैयार किए गए स्वादिष्ट व्यंजनों की मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा सराहा गया। साथ ही मुख्य



अतिथि एवं उपस्थित अन्य अतिथियों द्वारा ऐसे अद्भुत कार्यक्रम के आयोजन के लिए महासचिव (विंध्य क्लब) श्री वेद प्रकाश एवं उनकी पूरी टीम को धन्यवाद भी दिया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कार्यकारी निदेशक(विंध्याचल) श्री ई सत्य फणि कुमार, मुख्य महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) श्री समीर शर्मा एवं अन्य गणमान्य अतिथिगण उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई ।

**(शिक्षा गुप्ता)**
**कार्यपालक (नैगम संचार)**

# नौगांव पुलिस ने छापा मारकर पकड़ी अवैध शराब




**छतरपुर/नौगांव।** पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशन में रात्रि पेट्रोलिंग के दौरान थाना नौगांव पुलिस को सूचना मिली की ग्राम पन्नपुरा के कालू उर्फ राम सजीवन राजपूत द्वारा अपने बाड़े में अवैध शराब संग्रह कर सप्लाई करने हेतु रखी गई है।

रात्रि रोड पेट्रोलिंग के दौरान थाना नौगांव पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम पन्नपुरा जाकर कालू उर्फ रामसजीवन राजपूत के बाड़े में विधिवत छापेमार कार्यवाही की गई। पुलिस को आता देख अंधेरे का फायदा उठाकर कालू उर्फ राम सजीवन राजपूत भाग गया। बाड़े में कुल 56 पेटी अवैध सनी कंपनी की अंग्रेजी शराब व्हिस्की बरामद की गई जिसकी कीमत लगभग पौने तीन लाख रूपए को कब्जे में लिया गया है। उक्त अवैध शराब संग्रह करने वाले आरोपी कालू उर्फ रामसजीवन राजपूत निवासी ग्राम पन्नपुरा के विरुद्ध आबकारी अधिनियम धारा 34 (2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त फरार आरोपी की तलाश एवं विवेचना कार्यवाही जारी है।

**खबर संक्षेप**

## जिले में अब तक समर्थन मूल्य पर हुई 439344 क्विंटल गेंहू की खरीद

**रीवा।** जिले में निर्धारित खरीदी केन्द्रों में एक अप्रैल से समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीद की जा रही है। जिले में 6 मई तक 8343 किसानों से 439344 क्विंटल गेंहू की खरीद अब तक की गयी है। इसके लिए किसानों को 105 करोड़ 44 लाख 27 हजार की राशि मंजूर की गयी है। इस संबंध में अपर कलेक्टर तथा प्रभारी जिला आपूर्ति नियंत्रक श्रीमती सपना त्रिपाठी ने बताया कि उपार्जित गेंहू का भण्डारण कराया जा रहा है। अब तक खरीदे गये गेंहू में से 359763 क्विंटल गेंहू का परिवहन किया जा चुका है। अब तक किसानों के बैंक खाते में 29 करोड़ 56 लाख 42 हजार 848 रूपये की राशि का भुगतान किया जा चुका है। गेंहू खरीदी के लिए अब तक 14447 किसानों ने स्लॉट बुक किये हैं। जिले में सहकारी समितियों के मध्याम से गेंहू का उपार्जन किया जा रहा है। अधिकतर खरीदी केन्द्र गोदाम स्तर पर बनाये गये हैं। गेंहू खरीद की अंतिम तिथि 20 मई है।

## कक्षा 6 से 9 तक प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

**रीवा।** जनजातीय कार्य विभाग के तहत आदर्श आवासीय विद्यालय (सर्रा) चुरहट जिला सीधी में संचालित है। इसमें कक्षा छठवीं से नौवीं तक की कक्षाओं में शैक्षणिक सत्र 2024-2025 के लिए रिक्त सीटों पर प्रवेश प्रवेश दिया जा रहा है। इसके लिए अनुसूचित जनजाति के पात्र विद्यार्थियों के आवेदन पत्र 30 मई तक आमंत्रित किये गये हैं। इसी तरह कक्षा 11वीं में प्रवेश के लिए भी अनुसूचित जनजाति के पात्र विद्यार्थियों से 31 मई तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक आवेदन पत्र के लिये प्रवेश प्रभारी पी.के. दीक्षित (व्याख्याता) 9981530675 एवं 9827258441 (प्राचार्य) के दूरभाष पर संपर्क कर सकते है। विद्यार्थी का एमपीटास में प्रोफाइल पंजीयन अनिवार्य है। विद्यालय में प्रवेश समिति द्वारा महत्वपूर्ण तिथियों व रिक्तियों की संख्या में परिवर्तन किया जा सकता है। सीबीएसई एवं एमपी बोर्ड द्वारा 2024 में उत्तीर्ण अभ्यर्थी के मेरिट सूची के आधार में विद्यार्थियों का चयन किया जायेगा। एमपी बोर्ड में 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र ही पात्र होंगे। प्रवेशित छात्रों को आवास, भोजन, पाठ¬ पुस्तक, गणवेश आदि सभी सुविधाये प्रदान की जावेगी।

### श्रीरामार्चा महायज्ञ, हनुमतगाथा के साथ हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम

# वेदों पुराणों के सार ही राम हैं : ब्रह्मर्षि डॉ. बेदांती जी

**रीवा।** पौराणिक तपोस्थली श्रीमानसपीठ खजुरीताल पाटोत्सव के द्वितीय दिवस प्रभात बेला में श्रीरामार्चा महायज्ञ संपन्न हुआ। जिसके मुख्य यजमान श्री श्री 1008 खजुरीताल पीठाधीश्वर जगद्गुरु श्रीरामलालचार्य जी महाराज रहे। महाराज जी ने आगे बताते हुए कहा की ये महायज्ञ विंध्य की धारा में पहली बार हुआ है। त्रेता युग में भगवान इसका प्रसाद पाने के लिए माता पार्वती से झूठ बोला था, तब माता पार्वती ने भगवान शंकर को श्राप दिया था। इसका महाप्रसाद पाने से दुनिया के सारे दुख दूर हो जाते हैं, इसमें 108 महाव्यंजन से भगवान राम को भोग लगता है। द्वितीय दिवस हनुमतगाथा के शुभारंभ अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक जगद्गुरू श्रीरामललाचार्य जी महाराज ने कहा की हनुमान जी को प्रभु श्रीराम जी का चलता फिरता घर कहते हैं। हनुमत गाथा का पूरे विश्व में अगर कोई प्रवक्ता है तो बेदांती जी महाराज हैं, हम सभी एक ऐसे संत महापुरुष का दर्शन कर रहे हैं जिन्हें जीवन में अहंकार नहीं है, वही वास्तविक संत हैं। द्वितीय दिवस की हनुमतगाथा प्रारंभ करते हुए कथाव्यास ब्रह्मर्षि डॉ. रामविलास दास बेदांती जी महराज ने कहा की हजारों की वानर सेना जब समुद्र के उस पार जाने में असमर्थ थी, तब उस समय जामवन्त जी ने उनके पराक्रम को याद दिलाया। तब हनुमान जी ने वो शौर्य दिखाया जो आज तक दुनिया



में नहीं देखा गया। जगत जगदंबा जानकी का दर्शन भी किया, उनसे वार्ता भी किए और इसके बाद लंका नगरी को जलाकर पुनः वापस आ गए। रावण की सेना में से 7 करोड़ राक्षसी का वध किया था, कोई कल्पना नहीं कर सकता। सेना के मंत्री का वध किया, राजा रावण के बेटे का वध किया और इसके बाद रावण का बेटा मेघनाथ हनुमान जी को बाध कर ले गया तो रावण ने पूछा कैसे बध गए तो हनुमान जी ने कहा, मैं बधा नहीं हूँ, मुझे ब्रह्मा जी ने वरदान दिया था की दुनिया का कोई ब्रह्मदंड तुम्हारा स्पर्श नहीं कर सकता। मैं तो केवल तुमसे वार्ता के लिए आया हूँ, तुम्हें मैं समझाने आया हूँ अगर जिंदा रहना चाहते हो तो प्रभु श्रीराम की शरण में चले जाओ। जिसमें कोई विकार नहीं है वो विकार भगवान है,जिसमें चारो गुण परिक्रमा करते हैं उसे अवगुण कहते हैं। माता जानकी ने हनुमान को राम तत्व का उपदेश दिया जिससे जन्म और मरण का चक्कर समाप्त हो जाता है। वेदों पुराणों का सार ही राम है, हनुमान ने इसको ह्रदय में बसा लिया। आगे डॉ. बेदांती महराज ने बताया कि संगीतग्रंथ की रचना हनुमान जी ने ही किया है। हनुमान जी ने ही संगीत को सारे संसार में फैलाया। श्रीराम का नाम लेकर संगीत रूप में श्रीराम को पहली बार कीर्तन सुनाया। भगवान श्रीराम की प्रसन्नता के लिए संगीत सुनाया, कोई ऐसा पुराण नहीं मिलेगा जिसमें प्रभु श्रीराम के साथ हनुमान जी का वर्णन ना हो।

## नगर निगम की आईईसी टीम द्वारा घर घर जाकर चलाया गया मलासुर अभियान

**रीवा।** निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देशानुसार नगर निगम क्षेत्रांतर्गत विभिन्न वार्डो में घर-घर जाकर नागरिको को मलासुर गतिविधि के बारे में जानकारी दी गई। नागरिकों को बताया गया कि मलासुर आभियान का तात्पर्य सेप्टिक टैंक से है अपने सेप्टिक टैंक को हर 3 साल में खाली कराये जाने की समझाइस दी गई। नागरिको द्वारा सेप्टिक टैंक की साफ करने के लिए टोल फ्री नम्बर 181 या 14420 के बारे में भी बताया गया कि इन टोल फ्री नम्बर में कॉल कर के आप अपने सेप्टिक टैंक को आसानी से साफ करवा सकते है साथ ही नागरिको को बताया गया कि नगर निगम के



जो रजिस्टर्ड सफाई कर्मी है उन्हीं से सफाई करवाए जिससे वो सेफ्टी उपकरण के साथ सेप्टिक टैंक का साफ-सफाई करें। सेप्टिक टैंक को ध्यान न देने के कारण सेप्टिक टैंक का पानी नालियों के माध्यम से जलाशयों में मिलकर पीने योग्य पानी को दूषित करते है जिससे कि हमें कई बीमारियों सामना करना पड़ता है। साथ ही सभी को समझाइस दी गई कि हम सभी के प्रयास से ही रीवा शहर को स्वच्छ, समृद्ध वा स्वस्थ बना सकते है।

## अस्थाई अतिक्रमण को नगर निगम ने कराया खाली

**रीवा।** निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देशानुसार शहर में बढ़ रहे अतिक्रमण पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 06.05.2024 को धोबिया टंकी से बिछिया हास्पिटल तक एवं छोटी पुल से ढ़ेकहा तिराहा तक तथा अस्पताल चैराहा से सिरमौर चैराहा तक सड़क पटरी पर किये गये अस्थाई अतिक्रमण को खाली कराया गया साथ ही समझाइस दी गई कि दुबारा पाये जाने पर चालानी कार्यवाही के साथ ही जप्ती की कार्यवाही की जावेगी। उक्त कार्यवाही में अतिक्रमण प्रभारी के साथ अतिक्रमण दल मौजूद रहा।



## नाबालिग रेप हत्या प्रकरण में परिजनों ने जवा चौराहे में किया चक्काजाम

**रीवा।** जिले के जवा थाना अंतर्गत 9 वर्षीय नाबालिग के रेप हत्याकांड मामले में परिजनों ने सोमवार को एक बार फिर जवा चौराहे में चक्का जाम कर दिया है। जहां परिजन इस बात पर अड़े हुए हैं कि मौके पर डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ल और रीवा कलेक्टर को बुलाया जाए। उनके आने के बाद ही धरना समाप्त होगा। पीडित परिवार के लोगो का आरोप है कि, घटना के 12 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस अपराधी तक नहीं पहुंच पाई। वही कोई भी शासन प्रशासन का ज़िम्मेदार अधिकारी द्वारा पीड़ित परिवार को सांत्वना देने उसके घर तक नहीं पहुंचे। चक्काजाम के दौरान पीड़ित के परिवारजनों की प्रशासन पांच मांगे की



जिसमें आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी की जाए जिसके बाद आरोपी के घर में बुलडोजर चलाने की कार्रवाई की जाए पीड़ित का परिवार भूमिहीन है जिसके कारण शासन द्वारा 5 एकड़ जमीन दी जाए 20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। वही पीड़ित के परिवार जनों में से किसी एक व्यक्ति को शासकीय नौकरी दी जाए। कई घंटे तक लगातार चक्का जाम जारी रहा। मौके पर जावा एसडीएम पियूष भट्ट शहीद कई थानों की पुलिस व एसडीओपी मौजूद रहे। लगातार समझाइश के बाद मौके पर मौजूद एसडीम पियूष भट्ट द्वारा पीड़ित परिवार जनों की मांगों को ऊपर तक बात करने व उचित कार्रवाई करने की आश्वासन पर चक्काजाम समाप्त हुआ।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



**रीवा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने शासकीय इंजीनियरिंग कालेज पहुंचकर स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

उन्होंने सीसीटीवी और एलईडी टी.वी. की जांच कर सुरक्षा प्रहरियों को पूरी सजगता के साथ परिसर की सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखने के निर्देश दिये। उल्लेखनीय है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र के मतदान के लिये उपयोग की गई ईव्हीएम मशीनें विधानसभावार बनाये गये स्ट्रांग रूम में इंजीनियरिंग कालेज रीवा में सुरक्षित रखी गई है। इन मशीनों को 4 जून को स्ट्रांग रूम से बाहर मतगणना के लिये निकाला जायेगा। जिले के राजस्व अधिकारियों की ड्यूटी स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी के लिये लगाई गई है। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा सशस्त्र सुरक्षा बल के जवान कर रहे हैं। यहां अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश निषेध है। स्ट्रांग रूम की गतिविधि की नजर सीसीटीव्ही कैमरों से की जा रही है।

## कलेक्टर ने नीम चौराहा से सुभाष तिराहे तक निमाणधीन सड़क का किया निरीक्षण

### शीघ्र कार्य पूर्ण करने के दिये निर्देश

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने नीम चौराहे से सुभाष चौराहे तक बनायी जा रही सड़क का निरीक्षण किया तथा निर्माण एजेंसी को निर्देश दिये कि निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करायें। उन्होंने नीम चौराहे में बनाये जा रहे नाला निर्माण कार्य को तत्काल पूरा करने के निर्देश दिये तथा नगर निगम के अधिकारियों को सीवर लाइन व पेयजल पाइप लाइन का कार्य शीघ्र पूरा कराने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि 15 मई तक सड़क निर्माण का कार्य पूरा करा लिया जाय। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री सेतु निर्माण को निर्देशित किया कि सड़क निर्माण मे जो व्यवधान आ रहे हैं उन्हें दूर कराते हुए नियत समय में कार्य को पूरा करायें। इस दौरान कार्यपालन यंत्री वसीम खान सहित नगर निगम के अधिकारी व निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



## उपार्जित गेंहू का समय पर भुगतान सुनिश्चित करें : कलेक्टर

**रीवा।** कलेक्टर कार्यालय आयोजित बैठक में गेंहू उपार्जन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा उपार्जित गेंहू का समय पर भुगतान सुनिश्चित करें। गेंहू के गोदाम में पहुंचते ही तत्काल सत्यापन कर बिल जनरेट कर दें। किसानों को 3 दिनों की समय सीमा में भुगतान देना सुनिश्चित करें। अब तक उपार्जित गेंहू में से लगभग 80 प्रतिशत का परिवहन होकर सुरक्षित भण्डारण हो गया है। परिवहन के अनुपात में ही भुगतान करायें। उपार्जन की प्रतिदिन रिपोर्ट प्रस्तुत करें। सभी एसडीएम से भी उपार्जन के संबंध में प्रतिदिन रिपोर्ट लें। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि त्योंथर क्षेत्र के कुछ खरीदी केन्द्रों में परिवहन धीमा है इनमें अतिरिक्त वाहन लगाकर उपार्जित गेंहू का तत्काल परिवहन करायें। महाप्रबंधक सहकारी बैंक सभी समितियों में पर्याप्त संख्या में मजदूर उपलब्ध कराकर उपार्जित गेंहू की तुलाई तत्काल करायें। अपर कलेक्टर गेंहू के परिवहन की प्रतिदिन समीक्षा करें। परिवहन में लापरवाही बरतने वालों पर कार्यवाही करें। कलेक्टर ने मऊगंज जिले के लिए उचित मूल्य दुकानों से वितरण के लिए आवश्यक गेंहू और चावल तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने बताया कि किसानों को किये जा रहे भुगतान में तेजी आयी है। आगामी दो दिनों में बैगलॉक का पूरा भुगतान हो जायेगा। मऊगंज जिले के लिए गेंहू और चावल का आवंटन जारी किया जा रहा है। बैठक में जिला महाप्रबंधक सहकारी बैंक ज्ञानेन्द्र पाण्डेय, उप संचालक कृषि यूपी बागरी, जिला प्रबंधक वेयरहाउस कमल बागरी, जिला प्रबंधक विपणन संघ शिखा वर्मा तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



## बाल विवाह करने पर होगी सजा और जुर्माना

**रीवा।** बाल विवाह सामाजिक कुरीति के साथ कानूनी रूप से अपराध है। विवाह के लिए कन्या की आयु 18 वर्ष से अधिक तथा वर की आयु 21 वर्ष से अधिक होना आवश्यक है। इस निर्धारित आयु से कम आयु के कन्या तथा वर का विवाह कानूनन अपराध है। इस तरह का बाल विवाह करने वाले और उसे संपन्न कराने वाले को दो वर्ष तक की सजा तथा एक लाख रुपए का जुर्माना हो सकता है। इस संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय ने बताया कि सभी माता-पिता अपने बेटे और बेटी का विवाह उचित आयु में करें। कम आयु में बेटी शारीरिक और मानसिक रूप से विवाह के योग्य नहीं होती है। बाल विवाह गंभीर सामाजिक कुरीति है। इसे रोकने के लिए बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 लागू किया गया है। इसके तहत बाल विवाह से पीड़तिों को सुरक्षा और राहत प्रदान करने के साथ-साथ बाल विवाह को प्रोत्साहित करने एवं उसे संपन्न कराने वालों पर कठोर दण्ड का प्रावधान है। जिसमें दो वर्ष की जेल तथा एक लाख रुपए तक का जुर्माना हो सकता है।
जिला कार्यक्रम अधिकारी ने आमजनता से अपील करते हुए कहा है कि समाज में अब बाल विवाह की घटनाएं लगभग न के बराबर होती हैं। लेकिन यदि कहीं पर भी बाल विवाह संपन्न कराने का प्रयास किया जा रहा है तो आमजन तत्काल महिला एवं बाल विकास विभाग अथवा पुलिस थाने को इसकी सूचना दें। विवाह संपन्न कराने वाले धर्मगुरू तथा विवाह से संबंधित व्यवस्थाओं जैसे बारातघर, हलवाई, विवाह घर संचालक, बैण्डबाजे वाले आदि बाल विवाह होने पर तत्काल सूचना दें। बाल विवाह को रोकने के लिए जिले भर में एसडीएम की अध्यक्षता में उड़नदस्ते गठित किए गए हैं। बाल विवाह को रोकने के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम बनाया गया है। इसका प्रभारी सहायक संचालक अनिल जैन को बनाया गया है। उनका मोबाइल नम्बर 9893662009 है। बाल विवाह की शिकायत चाइल्ड लाइन के टोल फ्री नम्बर 1098 पर भी की जा सकती है।

## पानी का काला कारोबार, फिर भी बढ़ रही डिमांड

**जिम्मेदार कर रहे अनदेखी**

**मऊगंज।** जिले के अंतर्गत मऊगंज, खटखरी, हनुमना,पहाड़ी, शाहपुर, देवतालाब,नईगढ़ी में पानी का व्यवसाय फल-फूल रहा है।समय बदला तो व्यवसाय के तौर तरीके भी बदल गए यहाँ तक की कुदरत से मुफ्त मिलने वाला पानी भी प्रोडक्ट बन गया है। नई नई कंपनियों ने अपने ब्रांड बनाए और शुरू हो गया पानी का काला कारोबार उधर मनमानी के साथ में चल रहे अधिकतर प्लांट का पंजीकरण नही है। लिहाजा न टैक्स का भुगतान और न ही पानी की गुणवत्ता की प्राथमिकता जिले में पानी का यह कारोबार सालाना करोड़ों रुपए का कारोबार करता है। कोविड के बाद इसकी डिमांड और बढ़ गई है।अब लोग बाहर का पानी पीने से कतराते है। आमजन भी इसके लिए जेब ढीली कर रहे है। वह भी कोविड के समय के दर से पानी का व्यवसाय करने वाले व्यवसाई बोतल व पाउच के पानी की मांग कर रहे है। जीवन के लिए जरूरी है वह भी पूरी तरह शुद्ध किंतु मौजूदा दौर में शुद्ध पेयजल मिलना किसी चुनौती से कम नही। पानी की इसी उपयोगिता को भांपते हुए लोगो ने इसे कारोबार बना लिया है। अन्य जिलों की तरह नवगठित मऊगंज जिले में भी शहर से लेकर कस्बाई क्षेत्र में पानी का यह कारोबार तेजी से पैर पसार रहा है। जमीनी हकीकत देखी जाए तो कुछ साल पहले तक जहा दो कंपनियों का बोतल बंद पानी बिकता था। वहीं अब बोतल जार में बदल चुकी है। अकेले मऊगंज जिले में दो दर्जन से अधिक फिल्टर प्लांट है। इनका भी इलाका बंटा हुआ है। अपने क्षेत्र के बाद वह व्यापार नहीं करते दैनिक उपयोग के चलते फिल्टर पानी की मांग बढ़ रही है। औसतन एक प्लांट से प्रतिदिन 500 जार आसानी से बिक जाते हैं। यहां तक की अब लोग घरों में भी यह पानी खूब प्रयोग कर रहे हैं।

### पानी नॉर्मल व्यवसायी बता रहे हैं फिल्टर्ड

फिल्टर पानी का यह व्यापार केवल कमाई तक सीमित रह गया है। कमाई में लगे व्यापारी नॉर्मल पानी को ही जार में भरकर बेच रहे हैं। इतना ही नहीं इसके फिल्टर होने का दावा भी कर रहे हैं। जबकि कई प्लांट ऐसे हैं जहां पर केवल वाटर कूलर लगा हुआ है। फिल्टर यूनिट है ही नहीं लेकिन पानी ठंडा होने के कारण जरूरतमंद इसे फिल्टर मान लेते हैं।

### बिना पंजीकरण के नियम विरुद्ध तरीके से चल रहे प्लांट

जिले में पानी के करीब दो दर्जन प्लांट संचालित हो रहे हैं। लेकिन पानी की गुणवत्ता की जांच के लिए कभी सरकारी तंत्र सक्रिय नहीं दिखाई दिया ना कोई छापामारी ना कोई जांच पड़ताल इतना ही नहीं कई प्लांट का रजिस्ट्रेशन ना तो खाद्य एवं औषधि विभाग के पास है। और ना ही वाणिज्य का विभाग के पास।

### डिब्बे वाले पानी की मांग

इन पर कार्यवाही की बात करने पर जिम्मेदार ही कह देते हैं की जार वाले पानी के लिए फिलहाल कोई गाइड लाइन अब तक जारी नहीं की गई है। जिसकी वजह से लाइसेंस लिए हैं या नहीं इसकी जांच नहीं की जा सकती हालांकि आने वाले दिनों में जैसे इस पानी की मांग बढ़ रही है इस तरह नियम भी बनाए जाएंगे कि फिलहाल तो लोगों सेहत से खिलवाड़ किया जा रहा है।

## 14 वर्षों से फरार वारंटी को किया गिरफ्तार

**कटनी।** चोरी के एक मामले में पिछले 14 वर्षों से फरार चल रही स्थाई वारंटी को जीआरपी पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। वारंटी की गिरफ्तारी को लेकर जानकारी देते हुए जीआरपी थाना प्रभारी अरुणा वाहने ने बताया कि 5 मई 24 को न्यायालय श्रीमती पूर्णिमा सिंह बघेल जेएमएफसी न्यायालय कटनी के प्रकरण क्रमांक 3184/10 अपराध क्रमांक 169/10 धारा 379, 356, 34 आईपीसी के स्थाई वारंटी सीता घसिया पिता नीरज घसिया निवासी महेंद्रगढ़ जिला कोरिया एवं स्थाई वारंटी सुमन उर्फ लक्ष्मी उर्फ बबली घसिया पिता राजेश घसिया निवासी महेंद्रगढ़ थाना महेंद्रगढ़ जिला कोरिया छत्तीसगढ़ की तलाश करते स्थाई वारंटी की सकुनत पर पहुंचे।

# गुणवत्ता के साथ समय सीमा के अंदर पूर्ण करें निर्माण कार्य : कलेक्टर

### निर्माण कार्यों को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार मऊगंज में आयोजित की हुई समीक्षा बैठक

**मऊगंज।** कलेक्टर अजय श्रीवास्तव की अध्यक्षता में निर्माण कार्यों को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार मऊगंज में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। आयोजित समीक्षा बैठक में कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव द्वारा सभी निर्माण कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ समय सीमा के अंदर पूर्ण करने हेतु निर्देश दिए गए। समीक्षा बैठक दौरान कलेक्टर श्रीवास्तव द्वारा जिला क्षेत्र में विभिन्न विभागों से जुड़े जो भी निर्माण कार्य चल रहे हैं उनके बारे में विस्तृत से चर्चा की गई। जिला क्षेत्र में सड़क निर्माण विद्यालय भवन आंगनबाड़ी भवन गौशाला जल जीवन मिशन सहित अन्य विकास कार्यों से जुड़े विभागों की बैठक में एक-एक विभागों की बिंदु वार समीक्षा की गई है। कलेक्टर श्रीवास्तव द्वारा पीडब्ल्यूडी, एमपीआरडीसी ग्रामीण विकास विभाग, महिला बाल विकास, डब्ल्यूआरडी जैसे सभी विभागों की समीक्षा ली गई और निर्माण कार्यों में प्रगति लाने हेतु निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्रीवास्तव ने निर्देश जारी करते हुए कहा कि तेजी से विकास कार्य कराए जाएं साथ ही गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कड़े लहजे में कहा कि किसी भी प्रकार के कार्यों की शिकायत नहीं आनी चाहिए। समीक्षा बैठक दौरान कलेक्टर श्रीवास्तव ने निर्देश देते हुए कहा कि अनुमानित 15 जून से बारिश का समय आने वाला है जो भी मिट्टी का कार्य है वह समय से कर दिया जाए। ताकि लोगों को बारिश में दिक्कत ना हो। उन्होंने कहा कि इस विषय का ध्यान रखें कि किसी मार्ग के लिए यदि डायवर्सन बनाना हो तो समय से बेहतर तरीके से डायवर्सन बनाकर कार्य कर लिया जाए ताकि आवागवन सही ढंग से हो सके। उन्होंने कहा कि बैरिकेट्स वगैरह लगाकर सही तरीके से कार्य किया जाए जिससे पता चल सके कि यहां डायवर्सन किया गया है ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना ना हो। समीक्षा बैठक दौरान कलेक्टर श्रीवास्तव द्वारा माइक्रो इरिगेशन परियोजना, जल जीवन मिशन के साथ साथ जिले के मऊगंज, हनुमना, नईगढ़ी नगर परिषदों में चल रहे विकास कार्यों को समय सीमा के अंदर पूर्ण गुणवत्ता के साथ करने के निर्देश दिए गए। कलेक्ट्रेट सभागार मऊगंज में निर्माण कार्यों को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक दौरान अपर कलेक्टर अशोक कुमार ओहरी, डिप्टी कलेक्टर कमलेश पुरी, एसडीएम मऊगंज बीपी पांडेय, एसडीएम हनुमना राजेश मेहता, कार्यपालन यंत्री सिविल एवं मैकेनिकल कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग रीवा एवं मऊगंज कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग प्रोजेक्ट नईगढ़ी, मऊगंज संभागीय प्रबंधक एमपीआरडीसी प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क रीवा मऊगंज, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग मऊगंज, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी विभाग मऊगंज रीवा, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद मऊगंज नईगढ़ी एवं हनुमना मौजूद रहे।